एक सप्ताह से बंद है कई गांवों की बिजली, किसान परेशान

## विद्युत मण्डल फाल्ट सुधारने बरत रहा लापरवाही

शहडोल। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विद्युत वितरण करने वाला सिंहपुर फीडर आज भी अपनी लचर व्यवस्थाओं से उबर नहीं पाया है। सर्विस लाइन में आए दिन होने वाले फाल्ट और हफ्तों बिजली बंद रहने की शिकायत आज भी यहां जब तब सुनने को मिल जाती है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग के बड़े अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन नतीजा वही ढाक के दो पात ही रहा। इधर करीब एक सप्ताह से पुन: एक ओर की लाइन में फाल्ट बताया जा रहा है और उससे लगभग दर्जन भर गांवों की बिजली बंद है। ग्रामीण किसान खेतों की सिंचाई के लिए बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। उनकी गेहूं की खड़ी फसल सूखने की कगार पर है। यह स्थिति केवल वर्तमान में ही उत्पन्न हुई हो ऐसा नहीं है। किसानों





का कहना है कि सिंहपुर सबस्टेशन में बरसात को छोड़कर बाकी दिनों में मेंटिनेंस कार्य चलता है, फिर भी गतिरोध बना रहता है।

### इन गांवों का बंद है थ्री फेस

बताया गया कि सिंहपुर फीडर से जुड़े गौरेया, पचड़ी, खौहाई, लमरो, मझगवां, ददरा टोला, बड़ा कुसमहा आदि कई गांवों में इन दिनो बिजली का गहरा संकट छाया हुआ है। लगभग एक सप्ताह पूर्व अचानक बिजली गुल हो गई थी फिर तब से सप्लाई नहीं हो रही है। इन गांवों में थ्री फेस बिजली की सप्लाई नहीं होने से न तो किसानों के मोटर पंप चल पा रहे हैं और न उनके खेतों की सिंचाई हो पा रही है। यही नहीं गांवों की आटा चक्कियां भी नहीं चल पा रहीं है, जिससे लोगों के सामने आटे और रोटी की भी समस्या उठ खड़ी हुई है। कुछ स्थान ऐसे भी हैं जहां पानी टंकी से नलों की सप्लाई दी जा रही थी, बिजली बंद होने के कारण यहां पानी की भारी कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

### बांध सूखने से बोरिंग का सहारा

किसानों की खेती के लिए मझगंवा में बांध बनाया गया था, लेकिन उसका पानी सूख जाने के कारण किसानों का वह आसरा समाप्त हो गया और उन्हे अब बोरिंग के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है और इसके लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। बिजली की अव्यवस्था के कारण किसानों को खेती कर पाना कठिन होता जा रहा है। बांध की व्यवस्था सुधारने न तो सिंचाई विभाग कुछ कर रहा है और न किसानों की हालत से कृषि विभाग भी कोई सरोकार रखता है। कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग इनमें से कोई ऐसा नहीं जो किसानों के लिए मददगार हो, सबने किसानों को जूझने के लिए अकेला छोड़ दिया है। यही वजह है कि जिले में कृषि कार्य काफी पिछड़ा हुआ है।

### संसाधनों का रोना रोते हैं

किसानों की शिकायत पर जब प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूछताछ की जाती है तब विद्युत मण्डल का अमला संसाधनों व स्टाफ की कमी का रोना रोता है। फाल्ट सुधारने के लिए फील्ड के वाहन नहीं हैं, उपकरण नहीं है, कर्मचारी बहुत कम हैं आदि का बहाना बनाया जाता है। सिंहपुर सब स्टेशन जब से संचालित हुआ तब से उसके कार्य पद्धति की शिकायतें होती रहीं हैं। इसकी हालत तो ऐसी है जैसी जैतपुर और गोहपारू के ग्रामीण अंचलों में बिजली सप्लाई की है। जबकि यहां सब स्टेशन है और संभाग मुख्यालय तथा अधीक्षण यंत्री कार्यालय से लगा हुआ है। बड़े अधिकारी भी यहां विजिट पर पहुंच सकते हैं। लेकिन शायद अधिकारी भी मॉनीटरिंग करना जरूरी नहीं समझते हैं।

### जनप्रतिनिधियों को कोई मतलब नहीं

जिले का किसान किस हालत में है वह किन समस्याओं से जूझ रहा है, इससे सांसद व विधायकों को शायद कोई मतलब नहीं है। भ्रमण करना शायद उनके लिए भी मायने नहीं रखता। इतना तो तय है कि अगर इनके द्वारा समय समय पर मौका मुआयना किया जाए और स्थितियों की जानकारी से शासन प्रशासन को अवगत कराया जाए तो लापरवाहियों से उपजी समस्याओं का स्वयमेव अंत हो जाएगा। विद्युत मण्डल के कर्मचारी घटिया सर्विस देने के बावजूद किसानों से अभद्रता करते हैं, इसकी वजह यही है कि किसानों की परिस्थितियों से किसी को सरोकार नहीं है। किसान अपने हाल पर जिंदा रहने को मजबूर है।

## थाने का कप्तान ने किया औचक निरीक्षण

शहडोल



पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने ब्यौहारी थाने का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण दौरान थाना में दर्ज एफआईआर के निराकरण की समीक्षा की एवं आने वाली शिकायतों और उन पर सुनवाई की गुणवत्ता की समीक्षा कर त्वरित और वैधानिक निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही थाना के सामान्य कामकाज की समीक्षा कर तैनात कर्मचारियों से उनके बीट प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाकर अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरुस्कृत और कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को दंडित किया गया। थाने के निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई एवं सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान एसडीओपी एवं थाना ब्यौहारी का पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## एटीएम में नकली नोट जमा करने वाला युवक धराया

**शहडोल**। शहर के एक्सिस बैंक के एटीएम के माध्यम से नकली नोट जमा करने का मामला सामने आया है। उसके बाद खुद बैंक मैनेजर विवेक बिल्थरे ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस अब मामले की पड़ताल में जुटी है। 500 के चार नकली नोट जमा करने के दौरान सेंसर ने नकली नोट की पहचान कर ली। सायरन बजते ही सुरक्षाकर्मी ने नकली नोट जमा करने वाले युवक को पकड़ लिया और मामले की सूचना बैंक प्रबंधन को दिया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बुढ़ार रोड में स्थित शनिवार को एक्सिस बैंक के समीप लगे एटीएम की है।

पुलिस ने बताया कि सागर तिवारी नामक एक युवक बुढार रोड में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पांच हजार रुपये जमा करने पहुंचा। उसके पास 500 के 10 नोट थे, इनमें से 2 हजार रुपये के 4 नोट नकली थे। सागर तिवारी जब एटीम के माध्यम से रुपये जमा कर रहा था, तभी नकली नोट को पकडक़र एटीएम से सायरन बजने लगा। एटीएम में तैनात गार्ड सायरन सुन एटीएम के अंदर पहुंचे और नकली नोट के साथ युवक को अपने हिरासत में ले लिया। युवक को पकडऩे के बाद सुरक्षा कर्मी ने तत्काल इसकी जानकारी अपने वेंडर को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वेंडर ने बैंक प्रबंधन को घटना से अवगत कराया। इसके बाद बैंक प्रबंधन कोतवाली पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचा।

बैंक मैनेजर ने बताया कि एटीएम में एक सेंसर लगा हुआ होता है, जो नकली नोट को पहचान लेता है और पहचानते ही सेंसर बजाने लगता है। पुलिस ने बताया कि बैंक प्रबंधन की शिकायत के बाद रुपये जमा करने पहुंचे युवक सागर तिवारी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। युवक के पास नकली नोट कैसे आया, इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह तो नहीं। इन सही बिंदुओं पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कर्मनिष्ठा फाउंडेशन ने महिलाओं का किया सम्मान

शहडोल




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कर्मनिष्ठा फाउंडेशन ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया, फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. प्रियंका त्रिपाठी और कोर ग्रुप की मेंबर सोनिया शाकिर ने दीप प्रज्वलन किया। सर्वप्रथम डॉ. प्रियंका ने फाउंडेशन की स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए नारियों की समाज में अहम भूमिका पर रोशनी डाली और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित कविता पढ़ी । फाउंडेशन के मेंबर एवं शहर की उपस्थित अन्य महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। काव्य पाठ शिवानी तिवारी, सोनाली सक्सेना, साक्षी सीतलानी और छाया गुप्ता ने किया, नृत्य सुगंधिता सराफ, निधि श्रीवास्तव और क्षमा मिश्रा ने किया, वहीं फिल्मी गीत ज्योतिका श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। फाउंडेशन की सभी स्थानीय सदस्यों ने अपने-अपने व्यवसाय और अनुभव को साझा किया।

### स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

कार्यक्रम में विशिष्ट क्षेत्र में उपलब्धि अर्जित करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया , जिसमें विशेष रूप से श्रीमती अमिता चपरा को प्रथम महिला भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर, डॉ. सुधा नामदेव और रूपाली सिंघई को सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसी बीमारी के लिए कैंप और लोगों को जागरूक करने के उल्लेखनीय कार्य करने पर एवं श्रीमती किरण पाठक को सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धि अर्जित करने पर शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### मुक्त कंठ से सराहना

डॉ. प्रियंका ने फाउंडेशन के सभी मेंबर्स को महिला दिवस की बधाई देते हुए उन्हें स्मृति स्वरूप आकर्षक गिफ्ट दिया। महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए रोचक प्रश्न पूछे गए और उत्तर देने वाली बहनों को आकर्षक गिफ्ट भी दिए गए। भाजपा नेत्री अमिता चपरा ने अपने उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण के लिए फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए डॉ. प्रियंका को बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में सतत रूप से सक्रिय रहकर मेंबर्स ने कार्यक्रम को सफल बनाया जिनमें प्रमुख रूप से मनीषा चौबे, सोनाली सक्सेना, नीतू साहा, सुगंधिता सराफ, किरण पाठक, शालिनी शुक्ला, शिवानी तिवारी, दुर्गा गुप्ता, सुनीता सोनी, शिखा केसरवानी, साक्षी सीतलानी, सोनिका अग्रवाल बुढ़ार, अलका जैन जनकपुर हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से रिंकी दुबे, ज्योतिका श्रीवास्तव, शशि गुप्ता, छाया गुप्ता, शोभना वशिष्ठ, निर्मल बग्गा, जगजीत बग्गा, अनमोल बग्गा, पूनम जैन, क्षमा मिश्रा, निधि श्रीवास्तव, दीपिका शर्मा, मंजरी शुक्ला, सीमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

## दो सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

शहडोल।

जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सडक़ हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी घटना में बोलेरो वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक

देवलोंद के बुढ़वा गांव में बाइक सवार तीन युवक अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।

### बोलेरो ने बाइक सवार को कुचला

25 वर्षीय राम रहीम यादव मोटरसाइकिल से अपने घर सहरगढ़ जा रहा था। इसी दौरान शहडोल-रीवा मार्ग पर चंडी माता मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

**इनका कहना है...**

दो अलग-अलग सडक़ हादसों में दो युवकों की मौत हुई है और दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। दोनों ही मामलों में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

**डी.के. दहिया**
थाना प्रभारी, देवलोंद



### तीन घरों से अवैध लकड़ी जप्त

**उमरिया**। जिले के नौरोजाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने तीन घरों से अवैध लकड़ी जब्त की है। साथ ही फर्नीचर भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, गुलाब विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा और दयाराम विश्वकर्मा के घरों से एक धन मीटर से अधिक लकड़ी मिली। जब्त की गई लकड़ी और फर्नीचर की कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई है। उप वन मंडलाधिकारी कुलदीप त्रिपाठी के अनुसार आरोपी अवैध लकड़ी से फर्नीचर बना रहे थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत पीओआर किया गया है। वनोपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 और वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वन विभाग क्षेत्र में निगरानी कर रहा है और मामले की जांच जारी है। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नौरोजाबाद पियूष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर धराये

**शहडोल**। जिले में रेत का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुढार पुलिस ने अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर चालकों और मालिकों पर मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई बुढार थाना क्षेत्र के रुंगटा तिराहे पर की गई। बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि समीप स्थित नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर दो ट्रैक्टरों से परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर रुंगटा तिराहे पर नाकाबंदी की। जैसे ही चालकों ने पुलिस को देखा, वह ट्रैक्टर छोडक़र फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है। साथ ही चालकों और मालिकों पर खनिज अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### कांग्रेस नेता का पुलिस पर आरोप

कांग्रेस नेता सुफियान खान ने बुढार पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की शह पर रेत का काला कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीते साल रेत माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचलकर एक एएसआई और एक पटवारी की हत्या कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बाद ही बुढार पुलिस ने यह कार्रवाई की है, जो केवल दिखावा है।

6 साल में भी चालू नहीं हुई केन्द्र की नल जल योजना

## कहीं योजना पहुंची नही तो कहीं अधबनी पड़ी, विभाग उदासीन

**उमरिया**। ग्रामीण अंचलों में हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 6-7 वर्षों पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री नल जल योजना, निकम्मी नौकरशाही व अलाल ठेकेदारों के हाथ पडक़र घिसटती नजर आ रही है। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के माध्यम से संचालित यह योजना मंथर गति से चल रही है, योजना की अवधि के अनुसार इसे अब तक पूर्ण हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक इसमें 50 फीसदी भी काम पूरा नहीं हो सका है। जिले की शायद ही ऐसी कोई ग्रामपंचायत होगी जहां इसका काम संतोषप्रद ढंग से पूर्ण हुआ हो। पाली जनपद का हाल देखें तो यहां की कुल 44 पंचायतों में से ऐसी कोई पंचायत नहीं है जहां नल जल योजना के माध्यम से ग्रामीणों को पानी मिल रहा हो। अरबों की योजना के बावजूद हैण्डपंपों के पानी पर आश्रित हैं।



### अभी तक यहां योजना पहुंची नहीं

बताया गया कि पाली जनपद की कई ग्रामपंचायतें ऐसी हैं जहां वर्षों के बाद भी योजना आज तक नहीं पहुंची। यहां अधिकारियों ने सर्वे तक नहीं किया है। इनमें छोटी तुम्मी, तिवनी, कठई, खिचकिड़ी, हथपुरा, बेली, ममान, घुनघुटी आदि सहित लगभग दर्जन भर से अधिक पंचायतें शामिल हैं। हजारों की संख्या में ग्रामीण इस योजना की बाट जोह रहे हैं। यहां योजना अगर अब आ भी जाएगी तो भी उसकी टंकी बनने, बोरिंग होने, ट्रांसफार्मर लगने में कई साल लग जाएंगे। शासन की नल जल योजना के लाभ के लिए अभी लोगों को दशकों तक इंतजार करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि सारा दारोमदार पीएचई की निकम्मी नौकरशाही के हाथों में निहित है। इन पंचायतों में इस योजना के शुरू होते होते कितने ही अधिकारी रिटायर हो जाएंगे।

### चालू तो हुई पर बंद हो गई

कुछ पंचायतें ऐसी भी हैं जहां योजना पहुंची भी और चालू भी हुई लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से बंद हो गई। इनमें हथपुरा, भौतरा, बकेली, पहडिय़ा, भिम्माडोंगरी, महरोई और चांदपुर आदि सहित एक दर्जन से अधिक पंचायतें ऐसी हैं जहां योजना चालू तो हुई लेकिन जल्द ही बंद हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी बनाई गई, बोर चालू हुआ पाइपें बिछायी गईं लेकिन ट्रायल के बाद योजना अचानक बंद कर दी गई। योजना बंद होने का ठोस कारण ज्ञात नही हो सका। इस संबंध में कई तरह की चर्चाएं चल रहीं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि बोर में पर्याप्त पानी ही नहीं है। कई लोग बताते हैं कि टंकी में सीपेज है और यह भी सुना जाता है कि आपरेटर नही मिल पा रहे हैं। योजना क्रियान्वित होने के बावजूद ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### निर्माणाधीन है यहां योजना

एक दर्जन पंचायतें ऐसी हैं जहां योजना अधबनी पड़ी है। इनमें बरहाई, मुंदिरया,चौरी, ओदरी, अमिलिहा, चंदनिया, सलैया, मेढक़ी आदि के नाम बताए जाते हैं। यहां योजना काफी मंथर गति से चल रही है। बताया गया कि सलैया में बसाढ़ नदी के किनारे टंकी का निर्माण कराया गया, बिजली का खंभा लगा कनेक्शन हुआ, ट्रांसफार्मर भी लगा था लेकिन नदी में बाढ़ आ जाने से खंभे व कनेक्श ा न आदि सब पानी में बह गए थे। ट्रांसफार्मर उखड़ कर पानी में खराब हो गया था। यहां पुनः उतनी ही व्यवस्था करनी पड़ी है। इसके अलावा गांव में एक अन्य जगह बोर हुआ लेकिन वह सफल नहीं हुआ। यहां कहीं पाइपे बिछी है तो कही इधर उधर बिखरी पड़ीं हैं। पाली जनपद की पंचायतों में योजना की दुर्दशा ही दिखाई पड़ती है। लेकिन इसके बाद भी विभाग चिंतित दिखाई नहीं पड़ता है।

## 11 मार्च को नि:शुल्क न्यूरो स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल**। जिला मुख्यालय में स्थित जिला चिकित्सालय में 11 मार्च दिन मंगलवार की सुबह 10 बजे से 5 बजे तक नि:शुल्क विशाल न्यूरो स्वार्थिय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

वेदांश न्यूरो स्पाईन मल्टीस्पेशियेलिटी हॉस्पिटल कटनी के चेयरमैन न्यूरो सर्जन डॉ. निखलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनके द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने इस बार शहडोल को चुना है। जिसमें न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से नि:शुल्क मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि हमारा उद्देश्य हमेशा सेवा भाव का रहता है। इसी उद्देश्य से शहडोल वासियों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में भारी संख्या में लोग इस शिविर में शामिल हो।

### इन रोगों के लिए परामर्श

उन्होंने बताया है कि इस शिविर में मुख्य रूप में गर्दन दर्द, स्पाइनल फ्रैक्चर, माइग्रेन (सिर दर्द), मानसिक तनाव, लकवा, एक्सीडेंट, दिमाग की चोट, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन टीबी, मिर्गी का दौरा, कमर दर्द जैसे बीमारियों के लिए परामर्श दिया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### हराम की कमाई से न करें इफ्तारी का इंतजाम

**शहडोल**। जिले के धनपुरी अन्तर्गत नूरी मस्जिद द्वारा एलान किया गया कि धनपुरी रमजान शरीफ का पाक महीना चल रहा है, लोग रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं, लोगों का मन और रूह आत्मा पाक रहे और लोगों के अंदर सुधार पैदा हो। यह इस्लाम का संदेश है, एक महीना रोजा रखने से लोगों के अंदर सुधार होता है। दिन भर का रोजा रखने के बाद लोग मस्जिद की तरफ इफ्तारी करने पहुंचते हैं। यहां की व्यवस्था लोगों द्वारा अपने घरों से खाने-पीने का सामान मस्जिद में भेजा जाता है। जिसे एक जगह इक_ा करने के बाद रोजा इफ्तार करने वाले लोगों को वितरण किया जाता है और लोग शान के साथ रोजा इफ्तार मस्जिद में करते हैं, लेकिन दूसरी ओर गलत कार्य करने वाले लोग जिसे इस्लाम में सख्त मनाही है और ऐसे धंधे-कामों से दूर रहे जो हराम है , लेकिन कुछ लोग द्वारा सट्टा, नशा, जुआ का कार्य किया जाता है। ऐसे लोग मस्जिद में इफ्तारी का इंतजाम ना करें। यह जरूरी एलान नूरी मस्जिद के द्वारा किया गया है और मस्जिद के मुख्य द्वार के सूचना पटल में यह पोस्टर लगाया गया है कि जुआ, सट्टा, ब्याज और नशा का कारोबार करने वालों मस्जिद में इफ्तारी का इंतजाम ना करें और ना ही हराम तरीके से कमाए गए पैसे से रोजा इफ्तार किया जाना चाहिए। हक और हल के पैसे से रोजा इफ्तार किया जाता है न की गलत तरीके से अर्जित किए गए पैसे से खरीदी गई वस्तु से। गलत तरीके से कमाये गए पैसों से वस्तुओं को मस्जिद में भेज कर लोगों का रोजा खराब ना करें, बल्कि अपने अंदर सुधार करें।

### अपहृत बालिका का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**उमरिया**। जिले के चंदिया थाना अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय 9 वर्षीय छात्रा स्कूल से घर आ रही थी, तभी अपहरणकर्ताओं ने उसका अपहरण कर लिया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि इस संवेदनशील मामले में आरोपी बरही (कटनी) निवासी चन्द्रशेखर पिता त्रिभुवन कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। विदित हो कि चंदिया थाना अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय 9 वर्षीय अबोध छात्रा स्कूल से घर आ रही थी, तभी सूनसान रास्ते से अपहरण हो गई थी। इस घटना को छात्रा के दादा ने प्रत्यक्ष देखा भी था, जिसके बाद आनन-फानन में इस गंभीर वारदात की चंदिया थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। जिसके बाद सीमावत्री जिले से भी मदद ली गई थी, वन क्षेत्रों की गहन तलाशी के लिए फारेस्ट विभाग से भी मदद ली गई थी। कई जगह नाकेबंदी कर वाहनों की जांच भी की जा रही थी। इसी बीच अपहरण के 12 से 15 घण्टे बाद सुबह अपहृत बच्ची सकुशल विद्यालय में मिल गई, जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। बच्ची की तलाश के कुछ ही घण्टे में अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि है, निश्चित ही सकुशल बच्ची की तलाश और तलाश के बाद कुछ ही घण्टे में अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी से पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

### बायपास में स्टापर से टकराई एंबुलेंस, कई लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शनिवार की दोपहर एक एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। एंबुलेंस मरीज को लेकर जबलपुर की तरफ से रीवा की ओर जा रही थी तभी बाईपास में इंदिरा नगर के समीप रोड पर रखें स्टॉपर से टकराकर पलट गई। एंबुलेंस पलटने के कारण उसमें सवार मरीज और उसके परिजन घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को शासकीय जिला अस्पताल कटनी लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे मरीज को लेकर जबलपुर की ओर से रीवा की तरफ जा रही है एक एंबुलेंस इंदिरा नगर के समीप बाईपास पर पलट गई। बताया जाता है कि एंबुलेंस चालक स्टॉपर को कट मार कर एंबुलेंस निकालने का प्रयास कर रहा था।

## खबर संक्षेप

### गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का आरोप

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत निगवानी जमुनिहा टोला में रहने वाली महिला सुशीला बाई के साथ गांव के ही वैशाहू द्वारा विवाद करते हुए गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला के द्वारा थाने में सूचना दी गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर जांच बयान की कार्यवाही कर रही है।

### पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत गढ़ी गांव में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर थाने की शरण लेते हुए गाली गलौज करने व धमकी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के द्वारा पत्नी की शिकायत पुलिस पति टांकेश्वर को थाना बुलाते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज किया गया।

### नारी शक्ति मैराथन का आयोजन कर सशक्तिकरण का दिया संदेश



**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पाली पुलिस ,नगर पालिका परिषद व युवा टीम उमरिया द्वारा नारी शक्ति मैराथन का आयोजन मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह, वार्ड नंबर 12 पार्षद अंजू पटेल, राधा तिवारी, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, बिरासनी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर नारी शक्ति मैराथन का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। मैराथन के प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर लगाई दौड़ दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश। नारी शक्ति मैराथन में प्रथम स्थान नेहा सिंह, द्वितीय स्थान आंचल तिवारी तृतीय स्थान नैंसी सोनी ने प्राप्त किया व अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिमांशु तिवारी ने महिलाओं के हितार्थ चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह,पार्षद अंजू पटेल व राधा तिवारी ने प्रतिभागियों उत्साह बढ़ाते हुए कहा के आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां हासिल कर रही हैं उन्होंने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।महिला दिवस सिर्फ एक दिन की सराहना नहीं है। यह पूरे साल महिला अधिकारों और समानता के लिए काम करने का प्रतीक है पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी व इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर ने कहा कि नारी शक्ति मैराथन केवल दौड़ नहीं सशक्तिकरण का संदेश है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, योगदान को याद कर लोगों तक पहुंचाना, लैंगिक समानता व महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में समाज के बीच जागरूकता बढ़ाना है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। इस दौरान प्रधान आरक्षक रेवा शंकर, टीम संयोजक हिमांशू तिवारी, खुशी सेन,शिखा बर्मन ,स्नेहा सिंह, नैनी मालवीय ,काजल मालवी ,नेहा सिंह ,वैष्णवी बर्मन ,सानिया बर्मन, खुशबू बर्मन ,दामिनी प्रधान, दीपिका मरकाम, शालिनी महोबिया, चांदनी परस्ते, महक ,शालिनी चौधरी,लक्ष्मी महोबिया ,सृष्टि महोबिया सुनैना ,प्रजापति, खुशी बर्मन महक द्विवेदी ,सानिया चौधरी, निशा खटीक, देवी चौधरी ,शिवांजलि सोनी स्नेहा सिंह ,संजना यादव, आंचल तिवारी ,नैंसी सोनी महक सोनी ,शिवांजलि पटेल,माही पटेल व सैकड़ो की संख्या में छात्राएं शामिल हुई।

### फिर शुरू हुआ विराट धरा पर अवैध प्लाटिंग का खेल

# प्रशासन मुंह फेरे बैठा, पटवारी व पंचायत कर्मी नहीं दे रहे सूचना

शहडोल

जिले में अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाने पूर्व में प्रशासन ने प्रक्रिया तो शुरू की, लेकिन जल्द ही वह शिथिल पड़ गई। आज भी पूर्व कलेक्टर वंदना वैद्य द्वारा जांच कराए जाने पर 1768 अवैध प्लाटिंग के मामले पकड़े गए थे। यही नहीं 136 की संख्या में अवैध कालोनियां भी पायी गईं थी। लेकिन कार्रवाई शून्यप्राय ही है। मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत गोरतरा में अवैध प्लाटिंग चल रही है, लेकिन उस पर कोई अंकुश नही लगाया जा रहा है। इस मामले में राजस्व अमला और ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। किसी की ओर से भी प्रशासन को जानकारी नहीं दी जा रही है। पंचायत में खसरा नंबर 70,71, 99,100 की भूमियों पर दर्जनों बटांक हो चुके हैं। बताया गया कि खसरा क्रमांक 71 के भूमि स्वामी सत्यदेव हैं और खसरा 100 के भूमिस्वामी लक्ष्मण दास गेलानी हैं। इनकी भूमि पर तो प्लाटिंग शुरू भी हो चुकी है। इस तरह की प्रक्रिया से शासन के राजस्व का नुकसान होता है। ज्ञातव्य है कि पटवारियों को पूर्व से ही निर्देश हैं कि उनके हलका क्षेत्र में अगर ऐसी प्रक्रिया कहीं भी शुरू हो तो, उसकी तत्काल प्रशासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। साथ ही पंचायत के द्वारा भी इस पर आपत्ति की जानी चाहिए थी।




### पूर्व का अभियान शिथिल

अवैध प्लाटिंग की प्रक्रिया वर्षों से चल रही है और शासन को काफी नुकसान भी अब तक हो चुका है। इस पर रोक थाम लगाने की दिशा में12 अप्रैल 2023 में तत्कालीन कलेक्टर वंदना वैद्य ने कदम उठाए थे। उन्होंने संपूर्ण स्थितियों का आकलन करने एक टीम गठित की थी। उसके बाद उन्होने जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया। टीम ने 20 अप्रैल को रिपोर्ट सौंपी और बताया कि शहर और आसपास गांव में 1768 अवैध प्लाटिंग और 136 अवैध कॉलोनियां है। जांच टीम की इस रिपोर्ट पर फौरन कार्रवाई के निर्देश दिए गए कुछ दिन तक सुनवाई की प्रक्रिया चली, बताया गया था कि सबको नोटिस भेजी जा रही है, लेकिन इसके आगे फिर कोई प्रगति नहीं हो पाई। मामला आज भी दबा पड़ा है। यदि इस पर कार्रवाई शुरू की जाए तो काफी मामले पकड़े जा सकते हैं, दोषियों को दण्ड मिल सकता है और अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थम सकता है।

### पटवारियों पर नकेल नहीं

जिला प्रशासन ने पटवारियों को ढील दे रखी है, जिसका वे लाभ उठाते हैं, वे रिपोर्ट प्रेषित करने की बजाय प्लाटिंग करने वालों से सांठ-गांठ कर लेते हैं। गोरतरा के खसरा नंबर 100 की भूमि पर सरेआम प्लाटिंग की जा रही है। लेकिन हलका पटवारी और ग्राम पंचायत ने चुप्पी साध रखी है। कुछ दिन बाद दूसरी भूमियों पर भी प्लाटिंग शुरू हो जाएगी और कालोनियां खड़ी हो जाएंगी। प्रशासन के अधिकारी केवल प्रावधानों का हवाला देते हैं, लेकिन सारे प्रावधान कागजों व फाइलों तक ही सीमित रखे जाते हैं। मैदानी सच तो कुछ और ही दिखाई पड़ते हैं। कुछ लोगों का तो यह भी कहना है कि अधिकारियों के संरक्षण में ही सारा खेल चलता है। इससे शासन के राजस्व को काफी नुकसान हो रहा है। पंजीयन विभाग की माने तो शासन की गाइड लाइन व निर्देशों के अनुसार रजिस्ट्री पर रोक नहीं लगाई जा सकती है।

### कड़े कदम उठाना जरूरी

अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन जब तक कड़े कदम नहीं उठाएगा तब तक हवाई निर्देशों और केवल घोषणाओं से बात नहीं बन सकती। पूर्व में पकड़े गए 1768 मामलों की फाइलें खोली जाएं और उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अवैध कालोनियों की जांच पड़ताल की जाए। यही नहीं वर्तमान में प्लाटिंग की क्या स्थिति है, इसका भी सर्वेक्षण कराया जाए। प्रशासन द्वारा सतत प्रक्रिया किए जाने पर ही भू-माफिया व जमीनों के सौदागर अपनी हरकत बंद करेंगे, अन्यथा पटवारियों और ग्राम पंचायत को अपनी मु_ी में लेकर अवैध प्लाटिंग करते ही रहेंगे।

### प्रमाणपत्र जमा कराया जाए

कलेक्टर द्वारा सभी हलका पटवारियों तथा सचिवों से इस आशय का प्रमाण पत्र जमा कराया जाए कि उसके हलका क्षेत्र में कहीं भी न तो अवैध प्लाटिंग हो रही है और न ही अवैध कालोनियों का निर्माण हो रहा है। इस तरह का प्रमाण पत्र जमा कराए जाने से भी काफी हद तक अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लग सकता है। पटवारी और सचिव सतर्क रहेंगे और अवैध प्लाटिंग की प्रक्रिया होते ही वे प्रशासन कों रिपोर्ट करेंगे। प्रशासन के अधिकारियों को भी तत्काल कदम उठाना चाहिए। कोटमा ग्राम के पूर्व के एक मामले में तत्कालीन पटवारियों ने अवैध प्लाटिंग की सूचना तहसीलदार को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः प्लाटिंग कर ली गई, अधिकारियों की शिथिलता से भी अवैध प्लाटिंग को बल मिलता है।

केवट ,हरिहर चतुर्वेदी, पूनम कोल , ममता कोरी ,भगवान दास ,पटेल विष्णु कोल, सौखी लाल यादव , केतकी सिंह कमलेश चौधरी कल्याण सिंह राकेश पटेल लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया दो करोड़ 68 लाख रुपए की सड़क का भूमि पूजन



मानपुर

जनपद पंचायत के ग्राम टिकुरी टोला से धखोखर पहुंच मार्ग तक 2 करोड़ 68 रूपये की लागत से बनने वाली रोड का मानपुर विधायक मीना सिंह ने भूमि किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण जन आत्म निर्भर बन रहे है । ग्रामों में सडक़ो का जाल बिछाया जा रहा है। ग्रामों में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल खुले है, जहां पर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण षिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस अवसर पर हरीश विश्वकर्मा , छोटेलाल सिंह इंद्रभान त्रिपाठी , जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ,राम मोल

## विधायक ने सीसी रोड का किया भूमि पूजन



उमरिया

विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल ने ग्राम ओबरा , सलैया में सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मिथिलेश पयासी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विधायक बांधव गढ़ ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण हो जाने पर ग्रामीण जन बिना किसी परेशानी के आवागमन कर सकेगे। प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

## आधार आपरेटर, सुपरवाईजर को ब्लैक लिस्टेड करने लिखा पत्र

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में अनुपस्थित रहने, दूरभाष पर संपर्क करने पर फोन नहीं उठाने पर 22 आधार आपरेटरो , सुपरवाइजरो को तत्काल ब्लैक लिस्टेड करने हेतु सहायक निदेशक कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमंडल भोपाल को पत्र लिखा है। जिन आधार ऑपरेटरों, सुपरवाइजरो को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के लिए पत्र लिखा गया है उनमें प्रशांत राय पोस्ट ऑफिस नौरोजाबाद आधार सुपरवाइजर, सूरज गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक में आधार सुपरवाईजर, देव शरण अहिरवार पोस्ट ऑफिस मंगठार आधार सुपरवाईजर, शिवम तिवारी पोस्ट ऑफिस खलौध बांधवगढ़ आधार सुपरवाईजर,माधवी पयासी पोस्ट ऑफिस कठार मानपुर आधार सुपरवाईजर, श्याम सिंह ग्रामीण बैंक मानपुर आधार सुपर वाईजर, कुलदीप वर्मा पोस्ट ऑफिस गोबडारी मानपुर आधार सुपर वाईजर , अक्षय महोबिया पोस्ट ऑफिस पनपथा बाँधवगढ़ आधार सुपरवाइजर, पंकज मिश्रा पोस्ट ऑफिस इंदवार बांधवगढ़ आधार सुपरवाईजर, श्रीनिवास द्विवेदी पोस्ट ऑफिस झाल बांधवगढ़ आधार सुपरवाईजर, शिवम पोस्ट ऑफिस महरोई उमरिया आधार सुपरवाईजर, अजय प्रजापति पोस्ट ऑफिस ओबरा चंदिया आधार सुपरवाईजर, जय प्रकाश पोस्ट ऑफिस अमरपुर आधार सुपरवाईजर, कुशल सिंह सी एस सी ट्राईबल पाली आधार सुपरवाईजर, विभा कुशवाहा सी एस सी ट्राईबल पाली आधार सुपरवाईजर, सरस्वती केवट पोस्ट ऑफिस लोढ़ा चंदिया आधार सुपरवाईजर, शिवम साहू पोस्ट ऑफिस महरोई उमरिया आधार सुपरवाईजर, शिवम महोबिया पोस्ट ऑफिस बड़छड आधार सुपरवाईजर, पवन विश्वकर्मा पोस्ट ऑफिस सरसवाही उमरिया आधार सुपरवाईजर, अभिषेक झरिया पोस्ट ऑफिस जरहा आधार सुपरवाईजर,प्रिंस कुमार पासी पोस्ट ऑफिस हथपुरा आधार सुपरवाईजर, ज्ञान चंद्र रजक पोस्ट ऑफिस पडखुरी आधार सुपरवाईजर शामिल हैं।

## महिलाओं का किया गया पुष्प गुच्छ श्रीफल से सम्मान




**उमरिया।** जिले के विकास खण्ड मानपुर में आदर्श ग्राम पंचायत डोडका में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबंध उत्सव ग्रामीण विकास सेवा संस्थान रकशा विकास खण्ड मानपुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्य क्रम , शैलजा तिवारी , रंजना शुक्ला विभाग कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति शहडोल गेंदा बैगा, सरपंच ग्राम पंचायत डोडका द्वारा किया गया । समाज में कृषि और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान शील्ड , पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया । विशिष्ट अतिथि रंजना शुक्ला द्वारा महिलाओं को नैतिक जिम्मेदारी स्वास्थ्य देखभाल पोषण आहार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता शैलजा तिवारी द्वारा अपने वकतव्य दिये गये। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला द्वारा महिलाओं को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने शिक्षित हों कर घर परिवार का नाम रोशन करने और आदर्श ग्राम डोडका को बनाने संबंध में मार्गदर्शन दिए। उत्सव ग्रामीण विकास सेवा संस्थान रकशा द्वारा वालेंटियर्स में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं का सम्मान किए । कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वरी कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल विकास खण्ड समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम , जन अभियान परिषद विकास खण्ड मानपुर स्वच्छ भारत मिशन विकास खण्ड समन्वयक शिव वचन कुशवाहा , सेक्टर 5 के सभी छात्र-छात्राएं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य , परामर्शदाता कल्याण यादव , परामर्श दाता ठाकुर राम साहू , ग्राम पंचायत डोडका के सम्मानित महिलाएं उपस्थित रही।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




उमरिया

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन उमरिया द्वारा सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र तामान्नारा में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर भोपाल के कुषाभाऊ ठाकरे हाल से मुख्यमंत्री जी के मुख्य आथित्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। सीएलएफ के पदाधिकारियों के लिए खेल प्रतियोगिता जैसे कुर्सी दौड़, रस्सा कसी, जलेबी दौड़, गुब्बारे फोडऩे की प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें कुर्सी दौड़ में पद्म चतुर्वेदी , जलेबी दौड़ में संध्या विश्वकर्मा और गुब्बारे फोड़ में सरिता सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें बांधवगढ़ फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक चंद्रभान सिंह, जिला प्रबंधक तृप्ति गर्ग, सहायक विकासखंड प्रबंधक रंजीता विश्वकर्मा,जैनी सांगा,रचिता श्रीवास्तव, विनय तिवारी, पन्नालाल रजक और मनोज सिंह उपस्थित थे ।

## रामनगर पुलिस ने वसूली वारंटी को किया गिरफ्तार

**राजनगर।** पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में चल रहें फरार वारण्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके अनुपालन में थाना रामनगर द्वारा 08.03.25 को माननीय रविंद्र कुमार शिल्पी जेएमएफसी न्यायालय कोतमा एमजेसी आर 354/2024 धारा 125(3)में जारी 54,000 रू . का वसूली गिरफ्तारी वारण्ट के वारण्टी ओमप्रकाश केवट पिता कमला केवट उम्र 52 वर्ष निवासी आमाडांड एवं माननीय रविंद्र कुमार शिल्पी जेएमएफसी कोतमा प्र० क्रं0 1198/22 अपराध क्रं0 479/22 में जारी गिरफ्तारी वारण्ट के वारण्टी सागर चौधरी पिता सुखलाल उम्र 21 वर्ष निवासी पटेरा टोला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोतमा में पेश किया गया ।

## लाठी डंडों से हमला कर सर फोड़ देने का मामला दर्ज

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत निगवानी के पास जमुनिहा टोला में रहने वाले बिसाहू साहू 58 वर्ष को उसी के भतीजे रामू द्वारा घर के आंगन में कांच गिराए जाने को लेकर आग बबूला होते हुए लाठी डंडों से हमला कर सर फोड़ दिया।खून से सने चाचा द्वारा शनिवार को थाना में शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपी भतीजे रामू साहू के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी और आरोपी भतीजे का घर अगल-बगल बना हुआ है जिसमें भतीजे के आंगन में कुछ सामान गिर जाने को लेकर विवाद हुआ जो बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया। मेडिकल एवं कथन उपरांत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत गोड़ारू गांव में शनिवार की रात को फांसी के फंदे पर भारत गोंड 28 वर्ष का शव झूलता पाया गया। अचानक युवक के मौत की खबर से गांव में सनसनी मच गई।मृतक के चाचा मोहन सिंह गोंड द्वारा घटना की सूचना थाना कोतमा में दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचते हुए शव पंचनामा एवं पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है।

## हत्या नहीं हार्ट अटैक से हुई थी वृद्ध की मौत

भारी पुलिस की उपस्थिति में हुआ अंतिम संस्कार



**कोतमा।** शुक्रवार को मुरधवा गांव में 75 वर्षीय संपत महरा के संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव के मामले में पीएम रिपोर्ट में हृदयघात से मौत होने की बात बताई जा रही है। परिजनों द्वारा जमीनी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के खिलाफ लगाए जा रहे आरोप के बीच पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दूसरे दिन भी सुबह से गांव में तैनात रही। अनुभाग के सभी थाना प्रभारी व भारी संख्या में पुलिस शांति बहाल में जुटी रही। मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों के बयान भी दर्ज किया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में बिजुरी ,भालूमाडा,रामनगर सहित कोतमा के प्रभारी व पुलिस बल की उपस्थिति में दोपहर बाद मृतक सम्पत महरा का अंतिम संस्कार किया जा सका। किसी अप्रिय स्थिति न होने को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों को शनिवार को थाने में ही रखा गया था। न्यायालय से स्थगन के बाद भी कार्य करने व आपस में विवाद होने को लेकर दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई साथ ही उच्च अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया। घटना के बाद गांव में स्थित सामान बताई जा रही है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को समझाइस देकर गांव में नजर रखे हुए हैं।



## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवांकुर संस्था पसान ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**जमुना/बदरा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आदर्श ग्राम पयारी नंबर 2 नवांकुर संस्था पसान एवं परामर्शदाता के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सभी महिलाओ को श्रीफल देकर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात महिलाओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात उनको गेम भी खिलाया गया और सबने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया सभी को पुरस्कृत किया गया। आज के इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाएं नवांकुर संस्था पसान के प्रतिनिधि दशरथ सिंह, परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह श्रीमती कृष्णादेवी, सीएमसीएलडीपी छात्र स्वाति गुप्ता, मीना केवट, पारसराज मुखर्जी, अंजली प्रजापति प्रस्फुटन समिति चुकान के सचिव बेसाहन प्रजापति की सहभागिता रही।

खबर संक्षेप



## महिलाओं का सम्मान कर दी गई शुभकामनाएँ

**कटनी।** पूरी दुनिया में 8 मार्च के दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना पैदा करना और उन्हें समान अधिकार दिलाना है।इस खास अवसर पर आज नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,एमआईसी सदस्यों,पार्षद व अन्य जनों द्वारा महापौर प्रीति संजीव सूरी सहित निगम महिला अधिकारी कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है।महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाते है,यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने वाले दिन का प्रतीक है।

## नगर में ससंघ आगमन पर आरती उतारकर की गई अगवानी

**कटनी।** गणाचार्य विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य विहर्ष सागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन हुआ संघ में 17 मुनिराज आर्यिका माताए चल रही है। संघ की पन्ना तिराहे पर भव्य आगवानी के पश्चात धर्मयात्रा प्रारंभ होकर आजाद चौक,शेर चौक, से होते हुये बड़े मंदिर में पहुंच कर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई मार्ग में रंगोली सजाकर आरती उतारकर मुनि संघ की आगवानी की गई। जहां मुनिश्री मांगलिक प्रवचन हुये यात्रा में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, अरविंद जैन, पं.शैलेन्द्र जैन, अनिल सिंघई, लम्पू जैन, विक्की जैन, प्रकाश जैन-जैन नर्सरी राहुल जैन, मोनू जैन, गोल्डी जैन,सुनील जैन गुड्डा जैन, मोनू सिंघई, अनिल जैन एवं दि.जैन समाज पंचायत गुरूभक्त मंडल, ज्ञानोदय संगीत मंडल के श्रद्धालु चल शामिल हुये प्रातः मुनि संघ द्वारा नवनिर्मित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र के दर्शन एवं आहार चर्या के बाद मंगल विहार इंदौर के लिये हो गया है।

## जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक आज

**कटनी।** जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 10 मार्च को समय-सीमा की बैठक उपरांत दोपहर 2 बजे के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दिलीप कुमार यादव करेंगें। बैठक के दौरान अध्यक्ष जिला कृषि स्थायी समिति कटनी, सतीश सोनी, राजू जायसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, वन संरक्षक, आयुक्त नगर निगम, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सिविल सर्जन शासकीय पोलीक्लिनिक एवं पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य ग्राम योजना मौजूद रहेंगें।

## 2600 रूपए में उपार्जित किया जाएगा समर्थन मूल्य में गेहूं

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रुपये 2425 प्रति क्विंटल पर रुपये 175 प्रति क्विटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा। जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रू. 2425 प्रति क्विंटल सहित 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2600/- प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसानो से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जाएगी ।

# इंजीनियर मीट का हुआ सफल आयोजन

शहडोल।

बीते दिनों भव्य इंजीनियर मीट का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के कई प्रमुख इंजीनियरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्माण उद्योग में इंजीनियरों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करना और उन्हें प्रेरित करना था।




कार्यक्रम की शुरुआत जेके सीमेंट के स्टेट हेड सुधीर मिश्रा, एरिया सेल्स मैनेजर राकेश तिवारी, वतन सिंह चौहान, ऋषि रस्तोगी,आलोक रस्तोगी हर्षित सिंह चंदेल,अक्षत जैन और एरिया टेक्निकल मैनेजर आकाश सिंह तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

आकाश सिंह तिवारी ने अपने संबोधन में कहा जेके सीमेंट हमेशा से ही इंजीनियरों के महत्व को समझता है और उनके समर्पण की सराहना करता है। यह कार्यक्रम उन सभी इंजीनियरों को सम्मानित करने का एक प्रयास है , जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यों से निर्माण उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कार्यक्रम में जेके सीमेंट ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इंजीनियरों को सम्मानित किया। इसके साथ ही, निर्माण उद्योग में नवीनतम तकनीकों और नवाचारों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जेके सीमेंट के स्टेट हेड सुधीर मिश्रा ने कहा कि हम अपने इंजीनियरों के प्रति आभारी हैं , जिन्होंने हमारे उत्पादों और सेवाओं को उत्कृष्टता के नए स्तर पर पहुंचाया है। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे ताकि हम अपने इंजीनियरों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत कर सकें। इंजीनियर मीट में भाग लेने वाले इंजीनियरों ने जेके सीमेंट के इस पहल की सराहना की और इसे उनके लिए एक प्रेरणादायक अनुभव बताया । जेके सीमेंट भारत में अग्रणी सीमेंट उत्पादकों में से एक है। कंपनी उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट और संबंधित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। जेके सीमेंट अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में जेके सीमेंट के तकनीकी अधिकारी आकाश कुशवाहा ,सोनू साहू ,रोहित सोनी ,प्रवेश मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रशांत रैले, विपणन अधिकारी योगेश गुप्ता,राघवेंद्र साहू,बृजेश सोनी उपस्थित रहे।

*ढीमरखेड़ा के ग्राम जिर्री एवं डुडहा में की गई कार्यवाही*

## दो स्थानों से पुलिस ने जब्त किया 65 हजार रूपए से अधिक का अवैध डीजल



हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिर्री एवं डुडहा में दबिश देकर अवैध रूप से भंडारित 700 लीटर डीजल बरामद किया है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध डीजल / पैट्रोल के व्यापार में लगे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अवैध डीजल के व्यापार में लगे आरोपी चूडामडि यादव के कब्जे से प्लास्टिक के गुम्मे में भरा 100 लीटर डीजल किमती 9400/- एंव ग्राम जिर्री में संपतलाल यादव के घर से 3 ड्रमो में भरा 600 लीटर डीजल किमती 56400/- जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध उपरोक्त धारा सदर का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मुखबिर द्वारा ग्राम डुडहा एंव जिरी में अवैध डीजल भंडार के संबंध में सूचना प्राप्त हुई मुखबिर सूचना पर स्थानो में ढीमरखेड़ा पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही की गई। ग्राम डुडहा स्थित ढावा के पिछे से दो प्लास्टिक के गुम्मो में 100 लीटर अवैध डीजल चूडामणि यादव के कब्जे में रखा पाया गया एंव ग्राम जिरी संपतलाल यादव के घर की परछी सार में 200 लीटर के 03 ड्रमो में 600 लीटर डीजल अवैध रूप से भँडारण करते मिलने पर उक्त आरोपियों से डीजल के संबंध में कागजात मांगे गये जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। उक्त दोनो स्थानों से कुल 700 लीटर डीजल किमती 65800/- जप्त किया गया है आरोपियों के विरूद्ध अपराध कंमाक 96/25, 97/25 धारा 287 बीएनएस 3/7 ई.सी एक्ट वस्तु अधि. 1955 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक मो. शाहिद, उनि सुरेश चौधरी, सउनि महेश झारिया, सउनि जयचंद उईके, प्र.आर राजकुमार शर्मा, प्र.आर सुब्बचन यादव, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज सिंह, म.आर. दुर्गा शुक्ला का विशेष योगदान रहा

## छात्रावास में महिलाओं को किया गया सम्मानित



शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अनोखी पहल की गई। हॉस्टल प्रभारी श्रीमती यशोदा कोरी एवं सहायक वार्डन शारदा सिंह द्वारा बालिका छात्रावास में कार्यरत सफाई कर्मी ,रसोईया , सहायक रसोईयों एवं छात्रावास के रेमेडियल टीचरों का तिलक लगाकर एवं पगड़ी पहनाकर और उपहार देकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में सम्मानित किया गया इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा महिलाओं के लिए बहुत ही अच्छे-अच्छे सुविचार एवं एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया ,ग्राम पंचायत भुड़सा की महिला सरपंच श्रीमती आशा बाई कोल एवं छात्रावास प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता प्रजापति बाल संरक्षण समिति भुड़सा से मनीष गर्ग इस अवसर पर उपस्थित रहे। ग्राम सरपंच श्रीमती आशा बाई कोल, एसएमसी अध्यक्ष एवं मनीष गर्ग द्वारा बालिकाओं को महिलाओं को कैसे सुरक्षित रहना है इसके बारे में बहुत ही अच्छे से ढंग से जानकारी दी गई और उसे प्रेरणा भी समझ के बच्चियों ने बहुत ही अच्छे से स्वीकारा और तालियां बजाकर सभी का स्वागत किया।

## जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन कर घूम रहे आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कटनी



माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने जिलाबदर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी अभिजीत रंजन पुलिस के निर्देशन एवं थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी नेहा मौर्या उप निरीक्षक के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार जिला बदर आरोपी पंकज पिता रामदयाल चौधरी 26 साल निवार पहाडी को न्यायालय जिला दण्डाधिकारी के आदेश. क्र, 1420/प्र.क्रं./64/एसएसए /2024 कटनी दिनांक 14/02/25 के द्वारा तीन माह के लिये कटनी जिला की राजस्व सीमा एवं समीपवर्ती जबलपुर,मैहर,दमोह,पन्ना,उमरिया की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने के लिये आदेशित किया गया था उक्त आदेश की तामीली दिनांक 21/02/25 को विधिवत की गई थी जिला बदर होने के बाबजूद भी निवार पहाडी जैन पट्रोल पंप के पास घूम रहा था जिसे मुखवीर सूचना पर पंकज चौधरी को पकड कर उपस्थिति का कारण पूछा गया जो कोई उचित कारण नही होना बताया एवं ना ही किसी न्यायालय में 7/03/25 को कोई पेशी होना बताया। आरोपी द्वारा जिला बदर के आदेश का उल्लंघन किये जाने से आरोपी का कृत्य धारा 14 म,प्र,राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दण्डनिय पाया गया आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बता कर बिधिवत गिरफ्तार किया गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गई जो आरोपी को न्यायलय के समक्ष जुडिसियल रिमान्ड पर पेश किया गया।

कार्यवाही में रूपेश सिंह उप निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरीक्षक नेहा मोर्य चौकी प्रभारी निवार, सउनि0 कमलेश्वर प्रसाद सउनि रमाकांत दुबे प्रआर0 मनीष कुमार, बकील यादव आदि की भूमिका रही।

*महाविद्यालय को 2 ई-रिक्शा एवं 10 बेंचों की मिली सौगात*

## विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को शील्ड प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज कटनी

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल ने कहा है कि शासकीय कन्या महाविद्यालय की सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास रूम बनाया जायेगा। उन्होंने विधायक निधि से छात्राओं के बैठने के लिए आवश्यक संख्या में पर्याप्त बेंच और कालेज आने -जाने के लिए 4 ई-रिक्शा सहित जनरेटर प्रदान करने की बात शनिवार को यहां शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर पुलिस, उद्योग,राजस्व सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही करीब 70 महिलाओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह एवं प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात मौजूद रहे।

नई दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस परेड में कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली कालेज छात्रा सुश्री वंशिका परौहा को विधायक श्री जायसवाल के प्रस्ताव पर सम्मान स्वरूप अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वंशिका ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए की गई अपनी कड़ी मेहनत व परिश्रम की जानकारी दी।

विधायक श्री जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें दिल, मन और आत्मा की गहराइयों से महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने समाज के दूषित और विकृत मानसिकता वाले तत्वों से बेटियों को सावधान और सतर्क रहने की सीख देते हुए सरकार द्वारा इस मामले में अभिमन्यु जैसे पुलिस के अभियानों की सराहना की।

विधायक ने महिलाओं को प्रोत्साहन देने सरकार द्वारा नगर निगम निर्वाचन में दिये गये 50 प्रतिशत आरक्षण की बात कही। साथ ही गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर जिले का नाम रोशन करने वाली छात्रा वंशिका को विधायक निधि से 25 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ -साथ सशक्त भूमिका का निर्वहन कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 15 पुलिस थानों में से 3 थानों की टी आई महिलाएं हैं। इसी प्रकार तीन पुलिस चौकियों की प्रभारी का दायित्व भी महिला पुलिस अधिकारी सम्हाल रहीं हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने कहा कि संस्कार और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है। आज की नारी राजनीति, कारपोरेट, फाइनेंस, प्रशासन आदि क्षेत्रों में सार्थक योगदान दे रहीं हैं।

*अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित*

## अहिल्याबाई ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए

हरिभूमि न्यूज कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विगत दिवस पुण्य श्लोका अहिल्या देवी होलकर जन्म त्रि शताब्दी समारोह आयोजन समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर पर व्याख्यान माला, एकल गीत एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रवण, श्रीमती नीतू कनकने राष्ट्र सेविका समिति का मुकेश चंदेरिया सहसंयोजक, संजीव ठाकुर और अमित कनकने, पूजा अग्रवाल, आरती सोनी, हंस खंडेलवाल, नंदिता, कर्ण, ज्योति अग्रवाल की मौजूदगी रही। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील बाजपेई ने की।

श्रीमती कनकने जी के द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कुमारी ज्योत्सना सोनी ने हे कर्मयोगिनी राजयोगिनी जयतु. अहिल्या माता जय जय तुम अहिल्या माता युगों युगों तक अमर रहेगी, यश कीर्ति की गाथा गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में



श्रीमान श्रवण जी ने अहिल्याबाई होल्कर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्पष्ट किया कि उनके आदर्श जीवन से हम सभी को निरंतर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील बाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि अहिल्या देवी जी के द्वारा भारत के तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण करने के पीछे उनका उद्देश्य मात्र पुण्य लाभ प्राप्त करना नहीं था, अपितु भारत की अस्मिता को पुनर्स्थापित करना था, अहिल्या देवी जी ने महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किया और ऐसा करते समय उनकी दृष्टि अखिल भारतीय थी।

### नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से संबंधित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई जिसे सभी के मन को भीतर तक झकझोर करके रख दिया इस प्रस्तुतीकरण में डॉक्टर माधुरी गर्ग श्री नायडू और श्रीमती ज्ञानेश्वरी नायडू की विशेष भूमिका रही है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए प्रज्ञा प्रवाह में प्रांत समिति की भूमिका का निर्वहन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का चरित्र व्यक्तित्व महान है अनुकरणीय है और हम सभी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर के अपने व्यक्तित्व का परिष्करण करना चाहिए। हम सभी माता-पिता का विशेष धर्म है कि अपने बच्चों को भारतीय समाज के महान पुरुष नारी के जीवन से आदर्श लेकर जीवन को सुंदर बनाने के लिए निरंतर उन्मुख होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ माधुरी गर्ग के द्वारा किया गया अंत में कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज कटनी

ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में प्रदेश के 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुँचाया जायेगा। योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जायेगी। नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जायेगा।

### योजना का स्वरूप

योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुँचाया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जायेगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना में लिये गये ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। हितग्राही को कोलेटरल सिक्योरिटी मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जायेगा।

## मुस्तैदी : अपराधिक तत्वों की ली क्लास, सघन चेकिंग

हरिभूमि न्यूज कटनी

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने क्षेत्र का भ्रमण कर निगरानीशुदा बदमाशों एवं गुण्डों की जांच की। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। अनावश्यक रूप से देर रात घूमते पाये गए व्यक्तियों को सख्त हिदायत दी गई कि बेवजह यहां वहां नहीं घूमें। इसके अलावा होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशनों में सघन जांच अभियान चलाया गया। दरअसल पुलिस की यह सक्रियता आगामी पर्वों को लेकर चल रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन का कहना है कि होली, रमजान पर्व पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय वारदात या हादसा नहीं हो इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर अपराधिक तत्वों पर नजर रखने सख्त हिदायत दी गई है।

### बदमाशों की ली क्लास

माधवनगर पुलिस ने थाना प्रभारी माधवनगर रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में थाना माधवनगर में निगरानी बदमाश और गुंडो को चेकिंग अभियान चलाया गया जिनकी चेकिंग परेड भी आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के कुल 32 बदमाश उपस्थित हुए जिसमे हर्ष उर्फ बेटू यादव,. सचिन यादव, पवनेश अवस्थी, चुंगा कोल, विक्रम गोंड, पूरन सिंह, सलीम खान,. पवन

**खबर संक्षेप**

## जिला चिकित्सालय में होमगार्ड ने आयोजित किया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में विगत दिवस जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का आयोजन जन जागरूकता के उद्देश्य से होमगार्ड विभाग द्वारा आयोजित किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी जिला कमांडेंट होमगार्ड श्री अजय सिंह कश्यप ने बताया कि प्लाटून कमांडर श्री रामनरेश भवेदी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया इस दौरान जिला चिकित्सालय के स्टाफ के लोग भी उपस्थित रहे।

## कोतमा की 57 एएनएम को मंत्री ने प्रदान किए टैबलेट



**कोतमा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोतमा विकासखंड की 57 महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टैबलेट प्रदान किया गया। अग्रसेन भवन कोतमा में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप कुमार जायसवाल एवं दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टैबलेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के वर्मा प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा महिला मोर्चा की बहनों का भी शाल श्रीफल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज की प्रगति की नींव है। महिलाओं को समान अवसर देना और उनके अधिकारों को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है।

## सेव अर्थ मिशन ने वृक्षारोपण अभियान को दी नई गति



**अमरकंटक।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सेव अर्थ मिशन ने आज अपने वृक्षारोपण अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए जैतुरा अंबुले को अनूपपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति 2040 तक 3000 करोड़ वृक्षों के रोपण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष जैतुरा अंबुले अपने क्षेत्र में 10000 सदस्यों के सहयोग से 10000 वृक्षों के रोपण का नेतृत्व करेंगे उनका दायित्व होगा कि वे वृक्षारोपण अभियान का आयोजन करें सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दें और अपने जिले में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाएं। सामुदायिक भागीदारी संगठन हर दिन नए सदस्यों को जोड़ रहा है और समाज को हरित पहल में सक्रिय रूप से शामिल कर रहा है। कार्बन उत्सर्जन में कमी यह वृक्षारोपण पहल 2040 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। वैश्विक जलवायु कार्यवाही में योगदान यह मिशन न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जलवायु परिवर्तन की दिशा में सार्थक कदम उठा रहा है। इस मौके पर सेव अर्थ मिशन के प्रवक्ता ने कहा आज का दिन हमारे मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है लेकिन हमारा कार्य यहीं समाप्त नहीं होता जिला अध्यक्ष और सभी सदस्य इस आंदोलन को निरंतर आगे बढ़ाएंगे हम सभी को आमंत्रित करते हैं कि वे इस हरित क्रांति का हिस्सा बनें और स्वच्छ हरित भविष्य के निर्माण में योगदान दें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन संपन्न

# अहम को भुलाकर फिर एक दूजे के हुए दम्पत्ति

### विद्युत विभाग ने रिकार्ड 244 प्रकरणों मे जमा कराये 27.16 लाख रूपये





**अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के मार्गदर्शन में 08 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 7 खण्डपीठ, तहसील सिविल न्यायालय कोतमा हेतु 5 खण्डपीठ एवं राजेन्द्रग्राम हेतु 03 खण्डपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 15 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के 1739 प्रकरण रखे गए, जिसमें 327 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 3291694 रूपये की राशि अवॉडिड की गई। इसी तरह न्यायालयों के लंबित प्रकरणों में 650 प्रकरण रखं गए, जिसमें 580 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 10660037 रूपये की राशि अवॉडिड की गई। इसी क्रम में जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी की चित्र में पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़यिा, द्वितीय जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत नरेन्द्र पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश पंकज जायसवाल, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, सुश्री अंजली शाह न्यायिक मजिस्टेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्टेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, जिला अधिवक्ता बार संघ से अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल संतदास नापित, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्तागण तथा जिला न्यायालय अनूपपर समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। 8 मार्च को जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य आपसी सामंजस्य एवं राजीनामें के आधार पर निम्न प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### अहम को भुलाकर एक हुए दम्पत्ति

नितेश बनाम मधु (परिवर्तित नाम) का विवाह वर्ष 2021 में हिन्दू विधि विधान एवं स्थानीय रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ था। कुछ आपसी विवादों के चलते पत्नि नाराज होकर अपने मायके चली गई और माता-पिता से अलग रहने की बात करने लगी। दोनों के बीच उत्पन्न अहम को नेशनल लोक अदालत को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष पीसी गुप्ता द्वारा समाप्त कर दोनों परिवार को पुनः मिलन कराया गया साथ ही उन्हें यह समझाईश दी गई कि वे एक होकर अपने दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करें।

### विद्युत विभाग ने 244 प्रकरणों मे जमा कराये 27.16 लाख

नेशनल लोक अदालत मे विद्युत विभाग ने कुल 244 प्रकरणों मे 27.16 लाख रूपये जमा कराये। इस संबंध मे विभाग के अधीक्षण अभियंता जीपी गोस्वामी व कार्यपालन अभियंता अरूणेन्द्र प्रसाद

## अनियंत्रित मोटर साइकिल से गिरने पर एक मृत, दो घायल



**अनूपपुर।** रिश्तेदारी से वापस आ रहे मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होने पर मुख्य मार्ग के किनारे गिरने पर 43 वर्षीय व्यक्ति की जिला अस्पताल अनूपपुर पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य परिजनों के घायल होने पर प्रारंभिक उपचार बाद मेडिकल कॉलेज शहडोल के लिए रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के केशवाही पुलिस चौकी अंतर्गत बूढ़ा गांव निवासी 43 वर्षीय शिवप्रसाद यादव पिता मिल्तू यादव जो अपने रिस्तेदार प्रेमलाल यादव एवं दीपक यादव के साथ जैतहरी थाना अंतर्गत धनगवां गांव में रिश्तेदारी के लिए गए थे जहां से मोटरसाइकिल से वापस आते समय धनगवां के पास अज्ञात कारणों से मोटरसाइकिल रोड के किनारे स्थित बांस के झुंड में पहुंचकर गिर गए जिसके बाद तीनों घायलों को शुक्रवार की देर रात जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जिसमें अस्पताल पहुंचने के पूर्व 43 वर्षीय शिवप्रसाद यादव की मृत्यु हो गई वहीं दीपक यादव पिता लालू यादव उम्र 33 वर्ष निवासी अतरिया एवं प्रेमलाल पिता रम्मू यादव 40 वर्ष निवासी देवगवां के शरीर में गंभीर चोट आने पर दोनों को प्राथमिक उपचार बाद बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। शनिवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में मृतक शिवप्रसाद यादव के शव का जिला अस्पताल पुलिस द्वारा पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराते हुए कार्यवाही की।

## विश्व महिला दिवस के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर कन्याओं ने किया ड्रामा



**अमरकंटक।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.के. राय के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित किये गये। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं के महत्व को रेखांकित करना, उनके प्रति आदर सम्मान, सुरक्षा, उनके अधिकारों, उपलब्धियों और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त महिला शिक्षिका एंव स्टाफ को प्राचार्य महोदय एवं शिक्षकों द्वारा श्रीफल, टावेल एवं पेन भेंट देकर एवं विद्यालय की समस्त कन्याओं को पेन देकर सम्मानित किया गया। प्रातः कालीन सभा में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विद्यार्थियों एवं एनसीसी छात्रों द्वारा धूमधाम से बनाया गया जिसमें मिश्रा द्वारा गीत, श्रेया और अभिनव द्वारा भाषण एवं सनत प्रजापति द्वारा प्रश्नोत्तरी, एवं विद्यालय महेश्वर द्विवेदी पीजीटी इतिहास के द्वारा महिला उत्थान और पतन पर प्रकाश डाला। मनोरमा कौशल टीजीटी हिंदी ने ह्रदय से अपने उद्गार प्रकट किये। प्राचार्य महोदय द्वारा बेटियों के सम्मान, समानता, अधिकार और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर कमलेश देवकते के निदेशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक संदेशप्रद ड्रामा कक्षा सातवीं की कन्याओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक एवं सीसीए विभाग शेख वाहिद एवं सक्षम केसरवानी द्वारा किया गया एवं आभार सूश्री पुष्पा रानी पटनायक द्वारा किया गया। इस अवसर श्रीमती दुर्गेश चंद्रा, मुक्ता सरीन, सुश्री भाग्यश्री, कल्पना यादव, हर्षा मालवीय, अनामिका द्विवेदी, सीमा मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक डॉ. ए. के.शुक्ला, डी.एस. सेंगर, कृष्ण कुमार, आर. के. झा, आशीष कुमार पांडे, एचपी पटेल, अतुल सिंह, रमेश सिंह, हेमराज गुजरे, सदानंद तिवारी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद जैतहरी अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की दूरदर्शी सोच से राजेश राठौर को मिली सफलता

## नगर परिषद जैतहरी की लाइब्रेरी से सफलता की ओर बढ़ते कदम



**जैतहरी।** नगर परिषद जैतहरी की अध्यक्षता में उमंग अनिल गुप्ता की दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों से क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई थी। इसी पहल के तहत नगर परिषद द्वारा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेज की स्थापना की गई, जिसका लाभ अब क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थी उठा रहे हैं। इस लाइब्रेरी में उच्च गुणवत्ता की पुस्तकें, डिजिटल संसाधन, शिक्षित मार्गदर्शक, और योग प्रशिक्षकों की भी व्यवस्था है, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। इस हाईटेक लाइब्रेरी से कई छात्र लाभान्वित हुए हैं, जिनमें से एक राजेश राठौर भी हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। राजेश राठौर ने अपनी सफलता का श्रेय नगर परिषद जैतहरी और विशेष रूप से अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता को दिया। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैतहरी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में एक आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना से न केवल उन्हें बल्कि अन्य कई विद्यार्थियों को भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा इस लाइब्रेरी की वजह से मुझे अपनी पढ़ाई के लिए उचित माहौल और संसाधन मिले। मैं नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता का ह्रदय से धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में यह अद्भुत कार्य किया। यह पहल आने वाले समय में कई छात्रों का भविष्य उज्ज्वल बनाएगी। नगर परिषद जैतहरी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजेश राठौर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। परिषद के कर्मचारियों का कहना है कि यह लाइब्रेरी आगे भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से यही रहा है कि जैतहरी के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएँ और संसाधन मिलें। हमारी लाइब्रेरी से लाभान्वित होकर जब छात्र सफलता प्राप्त करते हैं, तो यह हमारे लिए भी गर्व की बात होती है। हम आगे भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लाइब्रेरी एंड स्मार्ट क्लासेज ने जैतहरी क्षेत्र के कई छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया है। इस लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों से छात्र MPPSC, UPSC, बैंकिंग, रेलवे और अन्य सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

## माहेश्वरी समाज ने होली स्नेह मिलन समारोह का किया आयोजन



**अनूपपुर।** राजस्थानी संस्कृति से जुड़े व रंगो के त्यौहार होली के त्यौहार के उपलक्ष्य पर संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होलाष्टक प्रारंभ होते ही होली से पूर्व रविवार को होटल लेवल वन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के शहडोल, बुढार, अमलाई, चचाई, धनपुरी, अनूपपुर, जैतहरी के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे। इस समारोह में सामाजिक उत्थान, गतिविधियों और अन्य विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्लन के साथ की गई।होली के त्यौहार के पूर्व पूरी मस्ती के साथ महिला एवं पुरुष सभी ने डांस किया एवं गाना गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए साथ ही सभी ने मिलकर काफी मस्ती की जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में नाश्ते की विशेष व्यवस्था की गई थी। तत्पश्चात तमाम तरह के गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें तंबोला आदि गेम खिलाया गया जिसमें समाज के सभी लोगों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के मध्य में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को होली के त्यौहार की एडवांस में हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में नए आए अतिथियों का माहेश्वरी समाज पुरुष एवं महिला वर्ग ने स्वागत किया। कार्यक्रम में शहडोल संभाग के सभी स्थानों से माहेश्वरी समाज के लोगों ने शिरकत की एवं खुशी का इजहार किया और इसी तरह हमेशा मिलते रहने का वादा भी किया। माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष सुनील मंत्री ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्व सहायता समूह सम्मेलन में अनूपपुर जिले का लगाया गया स्टाल मुख्यमंत्री ने अनूपपुर के समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का किया

**अनूपपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च के अवसर पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्व सहायता समूह सम्मेलन का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया गया। जिसे सीधा प्रसारण के माध्यम से जिला/ब्लॉक एवं सीएलएफ स्तर पर समूह की दीदियों ने उत्साह के साथ देखा और सुना। इस अवसर पर समूह की दीदियों द्वारा सत्य और निष्ठा की शपथ भी ली गयी। मुख्यमंत्री ने आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह की दीदियों में विकसित नेतृत्व क्षमता को अनुकरणीय बताते हुये समूहों द्वारा प्रदेश भर में तैयार किये जा रहे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की प्रशंसा की। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक संभाग से एक जिले को संभाग का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करते हुये आजीविका स्टाल लगाने अधिकृत किया गया था। संभाग




शहडोल का प्रतिनिधित्व करते हुये अनूपपुर जिले के उत्कृष्ट आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन कार्यक्रम में किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं सीईओ जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे उत्कृष्ट आजीविका उत्पादों, आजीविका अमरकंटक कोदो, आजीविका कोदो कुकीज़, आजीविका कोदो नमकीन एवं पास्ता, गोंडी पेंटिंग, बीजापुरी काष्ठ शिल्प आदि का प्रदर्शन कार्यक्रम में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा स्टाल का अवलोकन कर जिले के उत्पादों की प्रशंसा की गई। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड से जीवनदायिनी संकुल संगठन से श्रीमती उर्मिला परस्ते, श्रीमती प्रमिला सिंह तथा मिशन कार्यालय से दशरथ झारिया एवं संजय बिस्वास ने भाग लिया।